एक नजर में



### शिव कथा एवं अभिषेक का आयोजन अनुकरणीय : परमार

**नवभारत आष्टा.** श्रावण मास में स्वर्णकार समाज के तत्वाधान में पांच दिवसीय शिव कथा,पार्थेश्वर शिवलिंग निर्माण एवं अभिषेक का आयोजन किया गया. पं. अशोक शर्मा ने संगीतमय शिव कथा प्रस्तुत की. प्रभु प्रेमी संघ के संयोजक पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार ने कथावाचक पं. अशोक शर्मा का स्वागत कर शिव पुराण की पूजा अर्चना की. श्री परमार ने कहा कि पवित्र श्रावण मास सिर्फ महीना ही नहीं बल्कि एक महोत्सव है. इस पवित्र माह में स्वर्णकार समाज के धर्मनिष्ठ साडलीवाल परिवार ने शिव कथा और पार्थेश्वर शिवलिंग अभिषेक का आयोजन करके सभी श्रद्धालुओं को पुण्यार्जन का अवसर दिया. शिवकथा के आयोजक माखनलाल सोनी, दिनेश सोनी, धर्मेंद्र सोनी मोहित सोनी एवं परिजन ने सभी श्रद्धालुओं का स्वागत किया.



### जनजागरुकता अभियान के अंतर्गत निकाली रैली

**नवभारत भैरूंदा.** एसडीओपी रोशन जैन के मार्गदर्शन में थाना स्टॉफ द्वारा सांदीपनी विद्यालय में नशा मुक्ति अभियान नशे से दूरी है जरूरी का शुभारंभ किया गया.बच्चों को नशे से होने वाले दुष्प्रभाव की जानकारी व व्यापक जन संवाद किया गया एवं नशा मुक्ति हेल्पलाइन नंबर 14446 का प्रचार प्रसार किया गया. सभी स्कूली बच्चों, शिक्षकगणों, पत्रकारगण को नशा न करने से प्रोत्साहित करने के लिए शपथ दिलवाई गई. सेल्फी प्वाइंट का उपयोग किया गया. पम्प्लेट व पोस्टर का वितरण किया गया. बालक-बालिकाओं द्वारा रैली का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में एसडीएम मदन सिंह रघुवंशी, थाना प्रभारी, बीईओ ललित कीर, सीएमओ आदि उपस्थित थे.



### कलेक्टर ने किया रूपेटा गौशाला का आकस्मिक निरीक्षण

**नवभारत आष्टा.** बुधवार को कलेक्टर बालगुरु के ने ग्राम पंचायत रूपेटा का आकस्मिक निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने ग्राम खड़ी में जल के पुन: उपयोग से किए जा रहे पौधारोपण और जल संग्रहण कार्यों का अवलोकन किया एवं ग्रामीणों द्वारा किए जा रहे नवाचारात्मक प्रयासों की सराहना करते हुए कहाकि गांव मैं जल के दोबारा उपयोग से पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने का यह प्रयास सराहनीय है. यह मॉडल अन्य ग्राम पंचायत के लिए भी अनुकरणीय हो सकता है. निरीक्षण के दौरान एसडीएम नितिन टाले, तहसीलदार राम पगारे, जनपद पंचायत सीईओ अमित व्यास, सरपंच मनोहर पटेल आदि मौजूद थे. निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों, महिला स्व-सहायता समूहों, छात्र-छात्राओं एवं पंचायत प्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली. मौके पर उपस्थित लोगों ने पर्यावरण रक्षा एवं जल संरक्षण के लिए संकल्प लिया.



### पौधारोपण कर लिया सुरक्षा का संकल्प

**नवभारत बुधनी.** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रकाश चंद्र आर्य तथा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण स्वप्न श्री सिंह के मार्गदर्शन में न्यायालय परिसर में विशेष वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत पर्यावरण को संरक्षित करने के उद्देश्य से वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. न्यायाधीश डॉ. वैभव विकास शर्मा द्वारा पौधारोपण कर वृक्षों के महत्व के बारे में जानकारी दी गई. साथ ही वृक्षों की सुरक्षा का संकल्प दिलाया गया. इस अवसर पर श्रीमती मिताली पाठक सहित न्यायिक कर्मचारियों ने भाग लिया.



### नशे से मुक्ति पर हुए जागरुकता कार्यक्रम

**नवभारत आष्टा.** अनुभाग अंतर्गत नशे से दूरी है जरूरी अभियान के अंतर्गत नशामुक्ति को लेकर अनेक जनजागरुकता कार्यक्रम आयोगित किए गए. एसबीएस विद्यालय, शास्त्री विद्या निकेतन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जावर एवं सरस्वती शिशु मंदिर कासम खजुरिया सिद्दीकगंज, एकीकृत शासकीय कन्या शाला अलीपुर एवं संबंधित थाना क्षेत्र के कस्बा, सार्वजनिक स्थानों में संवाद कर, रैली निकालकर, लेक्स लगवाकर, पोस्टतर वितरित कर एवं प्रोजेक्टर के माध्यम से शार्ट फिल्म, वीडियो दिखाए. पुलिस द्वारा लगभग 5 हजार विद्यार्थियों शिक्षकों , ग्रामीणों एवं गणमान्य नागरिकों को नशे के दुष्परिणामों, नशा मुक्त जीवन के लाभ एवं हेल्पलाईन न बरों की जानकारी दी गई. साथ ही समाज को नशा मुक्त बनाने की शपथ दिलाई गई.

# बिजली चोरी पकड़ने गए अमले से बदसलूकी

## मेवातीपुरा में चैकिंग के दौरान सर्विस केबल जब्त करने से बनी विवाद की नौबत, लोगों ने छीना मोबाइल

- मोहल्ले के लोगों ने महिलाओं से बदसलूकी का लगाया आरोप
- विद्युत कंपनी के अधिकारी ने पुलिस में प्रकरण दर्ज कराया

नवभारत न्यूज

**सीहोर. शहर के घरों में स्मार्ट मीटर लगा रही विद्युत वितरण कंपनी के प्रति लोगों में आक्रोश बढ़ता ही जा रहा है. बुधवार को कस्बा क्षेत्र स्थित मेवातीपुरा में एक घर पर चैकिंग करने पहुंचे विद्युत कंपनी के अधिकारियों से स्थानीय लोगों ने उस समय बदसलूकी कर दी जब वह बिजली चोरी का पंचनामा बना रहे थे. लोगों ने अधिकारी का मोबाइल भी छीन लिया. इसके बाद मोहल्ले के लोगों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर विद्युत कंपनी के अधिकारियों की शिकायत की तो लोगों की बदसलूकी का शिकार बने अधिकारी ने थाना कोतवाली में घटना को लेकर प्रकरण दर्ज कराया है.**

शहर के वार्ड क्रमांक 20 के मेवातीपुरा में बीते दिनों विद्युत कंपनी द्वारा स्मार्ट मीटर लगा दिए हैं. बताया जाता है कि बुधवार को विद्युत कंपनी के सहायक यंत्री अतुलेश सिंह अमले के साथ चैकिंग करने पहुंचे थे. इस दौरान उन्होंने एक घर में मीटर से जा रही सर्विस लाईन को चैक किया तो उसमें कट नजर आया. उनके निर्देश पर कर्मचारी ने घर की छत पर जाकर केबल काटी और लेकर नीचे आ गया. तब तक वहां पर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई थी. उनके द्वारा कार्रवाई के दौरान घर में कर्मचारी के जाने का विरोध जताया जा रहा था. बताया जाता है कि जब सहायक यंत्री अतुलेश सिंह बिजली चोरी का प्रकरण तैयार करने मोबाइल पर पंचनामा बना रहे थे तभी वहां मौजूद लोगों ने उनके साथ झूमाझटकी कर दी. इतना ही नहीं उनका मोबाइल भी छीन लिया.



**सीहोर.** मेवातीपुरा के रहवासियों ने विद्युत कंपनी के अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की.



**सीहोर.** विद्युत कंपनी के अधिकारी ने बदसलूकी करने वालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई.

भीड़ के आक्रोश को देखते हुए विद्युत कंपनी के अधिकारी व अमला वहां से खिसक लिया.

इस पूरे घटनाक्रम के बाद मेवातीपुरा के अनेक रहवासी महिला व पुरूष भीड़ की शक्ल में पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे. इस मौके पर मौजूद एएसपी सुनीता रावत को शिकायती आवेदन देते हुए शाहिद अंसारी, रिजवान बैग और नवेद खां आदि ने बताया कि जब घर में पर्दानशीं महिलाएं मौजूद थीं तो विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारी बलपूर्वक घर में घुस गए और महिलाओं से अभद्र व्यवहार किया. लोगों का कहना था कि विद्युत कंपनी के अमले ने महिलाओं से बदसलूकी भी की. उन्होंने अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग भी की. इधर लोगों की बदसलूकी का शिकार बने सहायक यंत्री ने शाहिद व सलमान नामक युवक व अन्य के खिलाफ प्रकरण दर्ज कराया है. पुलिस ने जांच शुरू कर दी है.

### पूर्व में भी हो चुकी हैं मीटर तोड़ने व मारपीट की घटनाएं

शहर में जब से बिजली कंपनी द्वारा उपभोक्ताओं के घरों व दुकानों पर स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं तब से ही लोगों में इसे लेकर आक्रोश देखा रहा है. नागरिकों की मानें तो जब से उनके घरों पर स्मार्ट मीटर लगे हैं. बिल की राशि में तीन से चार गुना बढ़ोत्तरी हो गई है. लगातार बढ़ते विरोध के बीच जहां एक युवक ने स्मार्ट मीटर तोड़कर विरोध जताया था तो कई जगह कर्मचारियों के साथ हाथापाई भी हो चुकी है. नतीजतन जनाक्रोश को देखते हुए विद्युत वितरण कंपनी ने स्मार्ट मीटर लगाने वाले कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए गनमैन तैनात कर दिए थे. जिसको लेकर कांग्रेस ने विद्युत कंपनी को आड़े हाथों लिया था. धरना प्रदर्शन के अलावा गनमैन को माला पहनाकर गांधीवादी तरीके से विरोध भी जताया था.

### दिन में धूप निकली तो शाम को बारिश

**सीहोर.** बुधवार को दिन भर तीखी धूप और उमस के बाद शाम को रिमझिम बारिश ने लोगों को राहत पहुंचाई. हालांकि अंचल में अभी भी बादल छाएंगे और कहीं-कहीं बारिश भी होगी, लेकिन तेज बारिश से अभी कुछ दिन राहत रहेगी. ऐसे में किसान अपनी फसल में दवा या खाद आसानी से डाल सकते हैं.बुधवार को दिन में धूप भी निकली. अधिकतम तापमान 4 डिग्री बढ़कर 31 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान में 1.5 डिग्री की बढ़त होकर तापमान 24 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. जिले में अब तक 433.5 मिमी औसत बारिश हो चुकी है. पिछले 24 घंटे में मात्र 4.1 मिमी औसत बारिश रिकार्ड की गई थी, जबकि पिछले साल अब तक कुल 277.4 मिमी औसत बारिश ही हो सकी थी. आरएके कॉलेज स्थित ग्रामीण कृषि मौसम सेवा केंद्र के विशेषज्ञ डॉ. सत्येंद्र सिंह तोमर ने बताया कि अगले तीन दिन अभी तेज बारिश से राहत मिलेगी. ऐसे में धूप निकलेगी तो फसलों की ग्रोथ अच्छी होगी. हालांकि फसलों की ग्रोथ के साथ-साथ इनमें कीटों का प्रकोप भी बढ़ेगा. ऐसे में किसानों को फसलों का विशेष ध्यान रखने की जरूरत है. हालांकि इस दौरान कहीं-कहीं बारिश होने की बात भी मौसम विभाग ने कही है. बता दें कि अब तक पिछले साल की अपेक्षा इस साल अच्छी बारिश हुई है.

## 18 लाख की साइबर ठगी करने वाला धराया

नवभारत न्यूज

**बिलकिसगंज.** पुलिस ने 18 लाख की साइबर ठगी करने वाले आरोपी को गाजियाबाद से गिरफ्तार किया है. आरोपी के पास से 17 लाख 90 हजार रुपए नकद, 9 मोबाइल, 10 सिम कार्ड, 15 एटीएम कार्ड और एक लैपटॉप जब्त किया गया.

बिलकीसगंज के ओमप्रकाश तिवार ने 1 जूनको रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि फरवरी में उनके मोबाइल पर एक कॉल आया. कॉल करने वाले ने खुद को दिल्ली से बताया. कहा कि उनकी होम लोन सब्सिडी 2 लाख 67 हजार 119 रुपए आनी है. इसके लिए एक्सिस बैंक में खाता खुलवाना होगा. साथ ही लोन भी लेना पड़ेगा. आरोपी ने ओमप्रकाश से आधार कार्ड, पैन कार्ड और एसबीआई पासबुक की फोटो व्हाट्सएप पर मंगवाई. इसके बाद ओमप्रकाश ने 31 मार्च 25 को एचडीएफसी बैंक सीहोर से लोन लिया. यह रकम उनके एसबीआई खाते में आई. आरोपी ने कहा कि यह रकम एक्सिस बैंक खाते में डालनी होगी। ओमप्रकाश ने 2 अप्रैल, 24 अप्रैल और 2 मई को तीन बार में कुल 17 लाख 97 हजार 449 रुपए ट्रांसफर कर दिए. बाद में पता चला कि यह रकम किसी और खाते में गई. इस तरह उनके साथ करीब 18 लाख की ठगी हुई. शिकायत पर थाना बिलकिसगंज में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई.

तकनीकी और भौतिक साक्ष्य के आधार पर जांच में पता चला कि आरोपी ने गाजियाबाद से ठगी की वारदात को अंजाम दिया है. टीम ने गाजियाबाद जाकर अफजल, उम्र 32 साल, निवासी यमुना विहार, थाना भजनपुरा, दिल्ली को गिरफ्तार कर लिया है.

## विधायक साहब, हमारे गांव में भी शोक जताने आईए

- जनप्रतिनिधियों को समस्या बताने का अनोखा तरीका
- ग्रामीण विधायक के घर पहुंचे और दिया गांव आने का न्यौता

नवभारत न्यूज

**सीहोर.** गांव महुआ खेड़ा में पिछले दिनों 16 वर्षीय किशोरी की मौत के बाद वहां के ग्रामीण बुधवार को आष्टा विधायक इंजीनियर गोपाल सिंह के यहां पहुंचे। यहां उन्होंने लिखित में आमंत्रण पत्र देते हुए कहा कि विधायक साहब आप पूरे विभानसभा क्षेत्र में लोगों की मौत पर शोक जताने जाते हैं. हमारे यहां भी 16 साल की बच्ची की मौत हुई है, लेकिन आप हमारे यहां शोक जताने तो आए ही नहीं. कृपया आप हमारे यहां भी शोक जताने के लिए आइए.विधायक ने उनके यहां शोक जताने के लिए आने की सहमति भी दी है. यही नहीं ग्रामीणों ने इस आमंत्रण पत्र को विधायक कार्यालय में देते हुए बकायदा उसकी प्राप्ति भी ली है.

सुनने में यह अजीब लगता है लेकिन हकीकत है. यह विधायक को गांव में बुलाकर वाह-वाही लेने के लिए नहीं है, बल्कि ग्रामीणों का अपनी समस्या के समाधान के लिए अनोखा प्रदर्शन है, क्योंकि गांव तक जाने के लिए पक्का रास्ता नहीं है. बारिश में कच्चे रास्ते में इतना कीचड़ हो जाता है कि चार पहिया वाहन वाहन गांव तक नहीं पहुंच पाता है. ग्रामीणों का मानना है कि जब विधायक उनके गांव आएंगे तो उनकी परेशानी वे समझ सकेंगे. इसलिए ही वे बुधवार को विधायक को आमंत्रण देने के लिए पहुंचे थे. उल्लेखनीय है कि



13 जुलाई को गांव सामरी के महुआ खेड़ा निवासी जगदीश बंजसास की 16 वर्षीय बेटी का पैर फिसल गया था, जिससे वह कुएं में गिर गई और उसकी मौत हो गई. पीएम के बाद जब शव वापस लेकर आए तो करीब डेढ़ किमी कीचड़ के रास्ते में चारपाई पर रखकर शव घर तक ले जा सके थे. यह पहला मामला नहीं है जब ऐसी स्थिति बनी है. हर साल बारिश में ऐसा ही होता है. यहां तक कि मरीजों को भी शहर में ले जाने के लिए इसी तरह चारपाई से करीब डेढ़ किमी तक लेकर जाना पड़ता है, वहां सड़क से वाहन की व्यवस्था हो पाती है. विधायक को आंमंत्रण देने वालों में सरपंच राकेश कुमार सिसोदिया, ऊंकार सिंह, अंतर सिंह, दिनेश, राजेंद्र, सोबाल सिंह, गिरधारी लाल, श्यामलाल आदि शामिल हैं.

## मांगें नहीं मानीं तो आंदोलन करेंगे कर्मचारी

- कलेक्ट्रेट में सौंपा सीएम के नाम संबोधित ज्ञापन
- वेतनवृद्धि व अन्य मांगों को शीघ्र पूरा करने की मांग

नवभारत न्यूज

**सीहोर.** सहकारिता समिति कर्मचारी संघ ने कलेक्टर डॉ. बालागुरू के. को सीएम के नाम अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर यह ज्ञापन दिया है. सहकारिता कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते मांगे नहीं मानी जाती है तो वह मुख्यमंत्री निवास का घेराव व आंदोलन करेंगे.

संघ के जिलाध्यक्ष दीपक चौधरी ने बताया कि सहकारिता कर्मचारी लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री व




सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग, खाद्य मंत्री गोविंद राजपूत को अवगत करा चुके हैं, लेकिन अब तक समस्याओं का निराकरण नहीं हो सका है. ज्ञापन सौंपने वालों में जिलाध्यक्ष दीपक चौधरी, उपाध्यक्ष मानसिंह ठाकुर, दीपक राजपूत, सुरेश गौर, कृपाराम मालवीय, जितेंद्र ठाकुर, सचिन शर्मा, डॉ. जगदीश तोमर सहित प्रहलाद चौधरी, प्रेम नारायण साहू, सुरेश सोनी, बनपसिंह वर्मा, जिला सचिव राकेश सिंह, अमृत दास बैरागी, गजराज सिंह, इंदर सिंह चौहान, नरेन्द्र शर्मा, रामेश्वर विश्वकर्मा, कपिल, बाबूलाल, जयंत गौर सहित सभी सदस्य शामिल थे.

### 31 तक फसल बीमा के आवेदन जमा हो सकेंगे

**सीहोर.** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ के फसल बीमा लाभ के लिए शासन द्वारा अधिसूचित क्षेत्र की अधिसूचित फसलों पर ऋणी, अऋणी एवं डिफाल्टर किसानों का बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है. फसल बीमा कराने के लिए किसान अपना आवेदन आधार कार्ड, बही की छायाप्रति, बचत बैंक खाता की छायाप्रति एवं खरीफ के लिए निर्धारित बीमित राशि का 2 प्रतिशत प्रति हेक्टेयर प्रीमियम के साथ संबंधित राष्ट्रीयकृत बैंक, जिला सहकारी बैंक मर्यादित तथा निकटतम कॉमन सर्विस सेंटर में जमा कराकर आवेदन कर सकते हैं.

## अभियान के तहत 1491 तालाब का निर्माण

- जल संरक्षण के लिए चलाया जल गंगा संवर्धन अभियान
- तालाब निर्माण के अलावा 2519 डगवेल भी रिचार्ज

नवभारत न्यूज

**सीहोर.** जिले में जल संरक्षण के उद्देश्य से जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया गया. अभियान के तहत जल संरक्षण की अनेक गतिविधियां आयोजित की गई.

मनरेगा योजना के तहत जिले में अनेक किसानों के खेत तालाब निर्माण के कार्य स्वीकृत किए गए और खेत तालाबों का निर्माण कराया गया. इन खेत तालाबों के निर्माण से वर्षा के जल का संरक्षण तो हो ही रहा है, बल्कि किसानों को फसलों की सिंचाई के लिए स्थाई जल का साधन भी मिल गया है. जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले को 1500 खेत तालाब निर्माण कराने का लक्ष्य प्रदान किया गया था. जिसमें में जिले में 1491 खेत तालाबों का निर्माण कराया गया. इसी प्रकार जिले को कुल 3 हजार डगवेल रिचार्ज बनाने का लक्ष्य दिया गया था. जिसमें से जिले में 2519 डगवेल रिचार्ज बनाए गए हैं. अभियान के तहत जल संरक्षण गतिविधियां आयोजित कर जल संरक्षण को तो बढ़ावा दिया गया है. साथ ही खेत तालाब और डगवेल रिचार्ज के निर्माण को भी प्रोत्साहित किया गया है. ताकि वर्षा जल का संरक्षण भी हो सके और किसानों को सिंचाई एवं रोजगार का स्थायी साधन भी मिल सके.

**उपलब्धि** | देश की राजधानी में आज महामहिम राष्ट्रपति की उपस्थिति में होगी अवॉर्ड सेरेमनी

# गर्व की बात, बुधनी व शाहगंज को मिलेगा स्वच्छता सर्वेक्षण में पुरस्कार

नवभारत न्यूज

**बुधनी.** स्वच्छता की परीक्षा के बाद अब परिणाम आने को हैं, ऐसे में जिले को विशेष उपलब्धि मिलने की उम्मीद है, क्योंकि नगर पंचायत बुदनी ने सुपर लीग में जगह बना ली है. हालांकि अभी तक बुदनी की रैंक स्पष्ट नहीं है. वहीं शाहगंज नगर पंचायत प्रेसिडेंशियल अवार्ड की दावेदार है. शाहगंज को यदि यह अवार्ड मिलता है तो स्वच्छता सर्वेक्षण में जिले को नई पहचान मिलेगी.

खास बात यह है कि बुदनी और शाहगंज के सीएमओ व नोडल अधिकारियों को दिल्ली बुला लिया गया है, क्योंकि स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के नतीजे गुरुवार को दिल्ली के विज्ञान भवन में घोषित किए जाएंगे. यह तय है कि बुदनी को इस बार रैंक नहीं मिलेगी, लेकिन बुदनी का नाम देश की टॉप क्लीन सिटीज की सुपर लीग में शुमार किया गया है. इंदौर, सूरत और नवी मुंबई के साथ स्पर्धा में रहेगा.

स्वच्छता सर्वेक्षण के परिणाम की घोषणा के साथ पिछले साल स्वच्छ सुपर लीग नाम की नई श्रेणी जोड़ी गई थी. इसमें दो साल से टॉप-3 में आने वाले शहरों को लिया गया था, लेकिन एक दिन पहले ही इसमें बदलाव कर अवधि 3 साल कर दी गई. पिछली बार लीग में सिर्फ 12 शहर थे, अब 15 हो गए हैं. बुदनी नगर पंचायत जोनल स्तर पर टॉप पॉजिशन में पहले भी रह चुकी है. लेकिन इस बार बुदनी नगर पंचायत इंदौर, सूरत साथ, नवी मुंबई जैसे महानगरों की तरह रैंकिंग से बाहर रहेगी, क्योंकि स्वच्छता सुपर लीग में शामिल शहरों की रैंकिंग नहीं की जाती. लीग में वही शहर शामिल होते हैं, जो पिछले तीन वर्षों में टॉप-3 में रहे हैं. भले ही स्वच्छता में स्वच्छ सुपर लीग अलग श्रेणी बना दी गई है लेकिन देश के सभी शहरों को सफाई व्यवस्था के आधार पर 12500 में से अंक दिए जाएंगे. अवॉर्ड सेरेमनी राष्ट्रपति की मौजूदगी में 17 जुलाई को सुबह 11 बजे विज्ञान भवन में होगी. वहीं बुधवार को अवार्ड का ट्रायल किया जा रहा है.

इस बार जहां बुदनी सुपर लगी में शामिल हुआ है, वहीं शाहगंज ने भी बाजी मारते हुए प्रेसिंडेशियल अवार्ड की दौड़ में अपनी जगह बनाई है. प्रदेश के पांच शहर इस अवार्ड के लिए दौड़ में हैं. इसमें शाहगंज के अलावा भोपाल, देवास शामिल रहेंगे. जबलपुर को मिनिस्ट्रीयल कैटेगरी में और ग्वालियर भी स्टेट लेवल अवॉर्ड की दौड़ में है.

उल्लेखनीय है कि इंदौर के बाद प्रदेश की जीरो वेस्ट सिटी के रूप में बुदनी का नाम आता है. पूरे शहर में कहीं भी कचरा खुले में नहीं मिलेगा. हर घर से नियमित



रूप से कचरा उठाया जाता है और वह भी अलग-अलग कैटेगरी में. यहां की कचरा प्रसंस्करण यूनिट अपनी अलग ही पहचान बनाए हुए है. हर दिन शहर का कचरा इकट्ठा करके कचरा प्रसंस्करण यूनिट भेजा जाता है. यहां मशीनों के साथ 15 कर्मचारी हर दिन कचरे को अलग-अलग कैटेगिरी में बांटते हैं. इस कचरे से ही नगर पंचायत का हर महीने से 60 से 70 हजार रुपए की आय होती है.